कार्यालय अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त, महिला अपराध अनुसंधान सैल, जोधपुर पश्चिम
क्रमांक– दस्ती दिनांक 27.09.2025

–प्रेस नोट–

श्रीमान उप निदेशक एवं प्राचार्य, राजस्थान पुलिस अकादमी जयपुर के आदेशानुसार Training of Master Trainers of SIUCAW/Mahila Desk/Mahila Thana Police Personnel on Gender Responsive Policing विषय पर RPA और UNFPA के संयुक्त तत्वाधान में रेंज स्तरीय दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 26.09.2025 एवं 27.09.2025 को सरदार पटेल सभागार, पुलिस लाईन, आयुक्तालय जोधपुर में जोधपुर रेंज व जोधपुर आयुक्तालय के पुलिस अधिकारियो के लिए आयोजित किया गया।

नोडल अधिकारी सुनील के.पंवार, एडीसीपी सिकाउ पश्चिम ने बताया कि उद्घाटन सत्र दिनांक 26.09.2025 को श्री नारायण टोगस, पुलिस अधीक्षक, जोधपुर ग्रामीण एवं श्री शाहीन सी, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय, जोधपुर आयुक्तालय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

आज दिनांक 27.09.2025 को इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में समापन श्री ओमप्रकाश, पुलिस आयुक्त जोधपुर, श्री विनीत बंसल, पुलिस उपायुक्त जोधपुर पश्चिम, के मुख्य आतिथ्य और श्री सुनिल के.पंवार एडीसीपी सिकाउ पश्चिम, श्री शुभकरण एडीसीपी सिकाउ पूर्व, जोधपुर कमिश्नरेट के उपस्थिति में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में हैड कानि. से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के 93 पुलिस अधिकारीयो तथा बाल कल्याण समिति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला अधिकारिता विभाग, वन स्टॉप सेन्टर, महिला सुरक्षा सलाह केन्द्र तथा बाल अधिकारिता विभाग के 09 अधिकारियो सहित 102 अधिकारियो ने भाग लिया। राजस्थान पुलिस अकादमी, जयपुर से श्रीमती ममता सारस्वत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, श्री धीरज वर्मा, निरीक्षक पुलिस, श्रीमती शिल्पा सिंह, प्रोग्राम अधिकारी, UNFPA, RPAus सभी प्रतिभागियो के प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षण के दौरान ळमदकमत त्मेचवदेपअम च्वसपबपदह विषय पर पर पोक्सो एक्ट, दुष्कर्म, जे.जे. एक्ट एवं महिला संबधी अपराधो के नवीनतम प्रावधानो/प्रक्रिया के बारे में कानून जानकारी दी गई व सभी को लाभान्वित किया गया।

(सुनील के.पंवार)
नोडल अधिकारी
अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त
महिला अपराध अनुसंधान सैल
जोधपुर पश्चिम